10TH STANDARD - III LANGUAGE – HINDI
MODEL QUESTION PAPER – 5

MAX MARKS - 80

I. निम्न लिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाव दिए गए है । उनमें से सही विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित लिखिए : **8 × 1 = 8**

1. " पास " शब्द का विलोम रूप है ।

A) दूर B) बहुत C) नजदीक D) कम

2. मोर शब्द का अन्य लिंग रूप है–

A) मोरी B) मोरनी C) मोर D) बहुत मोर

3. " किताब " शब्द का अन्य वचन रूप है ।

A) किताब B) किताबें C) किताबों D) किताब गलु

4. इनमें प्रथम–प्रेरणार्थक क्रिया रूप है–

A) पढ़ना B) पढ C) पढाना D) पढवाना

5. सहानुभूति इस संधि का उदाहरण है –

A) दीर्घ संधि B) गुण संधि C) यण संधि D) वृद्धि संधि

6. बड़ा अच्छा सवाल है ।
इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है –

A) पूर्ण विराम B) अल्प विराम C) प्रश्नार्थक D) आश्चर्य सूचक

7. " माता–पिता " शब्द इस समास का उदाहरण है–

A) तत्पुरूष B) द्वंद्व C) कर्मधारय D) द्विगु

8. राम और रहीम स्कूल .... घर चले गए ।

A) ने B) को C) से D) पर

II. प्रथम दो शब्दों के संबंधो के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए । 4 **× 1= 4**

9. गिल्लू : प्राणी दया :: बसंत की सच्चाई : ------
10. धर्म का मूल : दया :: पाप का मूल :------
11. एवरेस्ट पर चढने वाला पहला पुरुष : तॅनजिंग : : एवरेस्ट पर चढने वाली पहला महिला : ___
12. बलभद्र : बलराम :: कान्हा : ------

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : **4 × 1 = 4**

13. कलाम के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?

14. पंडित राजकिशोर कहा रहते थे ?

15. मुखिया को किसके समान रहना चाहिए ?

16. इंटरनेट क्रांति का असर किस पर पड़ा है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दो या तीन वाक्य में लिखिए : 8**× 2= 16**

17. कश्मीरी सेब पाठ से क्या सीख मिलता है ?

18. गिल्लू लेखिका को चौंकाने के लिए क्या–क्या करता था ?
19. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने क्या किया ?
20. कवि किस कारण से भारत माता को अमरों की जननी कहा है ?
21. ई–प्रशासन का अर्थ क्या है ?
22. मानव का सही परिचय क्या है ?
23. शनैः चर का अर्थ क्या है ?
24. सत्य के शक्ति के बारे में महात्मा गाँधी के कथन क्या है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक तीन या चार वाक्य में लिखिए : 9 **×3 = 27**

25. लेखक ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
26. कर्नाटक के भौगोलिक लक्षण का विवरण दीजिए। अथवा
कर्नाटक के प्रकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
27. दक्षिण शिखर पर चलते समय बछेन्द्री का अनुभवों का वर्णन कीजिए।
28. पंडित राजकिशोर के मानवीय गुणों का वर्णन कीजिए।
29. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है, स्पष्ट कीजिए।
30. सूर श्याम पद में कृष्ण के शिकायतों का वर्णन कीजिए।
31. समय का सगुपयोग कैसे करना चाहिए ?
32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :
राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजिघार ॥
33. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेज़ी में कीजिए।
कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। कर्नाटक की प्रकृतिक सुप्रभा नदन मनोहर है। कर्नाटक में कन्नड बोली जाता है।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच या छे वाक्य में लिखिए : 3 **× 4 = 12**

34. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ?
35. निम्नलिखित कवितांश को पूर्ण कीजिए :
असफलता . . . . . . भागो तुम।

36. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
राष्ट्रपति भवन भारत के राष्ट्रपति का निवास स्थान है। राष्ट्रपति देश विदेश के अपने अतिथियों का आदर सत्कार यहीं पर करते है। राष्ट्रपति के कार्यालय भी उसी भवन में है। इस भवन के एक ओर भाग में वस्तु संग्रहालय भी है। उसमे कई अमूल्य प्राचीन वस्तुओं का संग्रह है।
क) राष्ट्रपति भवन मे कौन निवास करते है ?
ख) देश–विदेश के अतिथियों का स्वागत कहाँ पर होता है ?
ग) वस्तु संग्रहालय कहा है ?
घ) प्रस्तुत गद्य को उचित शीर्षक दीजिए ?

VII. निम्नलिखित दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **12-15** वाक्यों में किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :
1 × 4 = 4

37. (अ) करोना परिचय

• प्रस्तावना • विषय • विवरण • निवारण

(आ) इंटरनेट – लाभ व हानियाँ

• प्रस्तावना • अर्थ • लाभ • हानियाँ

• उपसंहार

(इ) जनसंख्या विस्फोट

• प्रवेश • वृद्धि • परिणाम • उपसंहार

VIII. निम्नलिखित कोई एक पत्र लिखिए : **1 × 5 = 5**

38. बीमारी के कारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए कक्षा अध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए: